# प्रेस नोट थाना खुदागंज

## जनपद शाहजहाँपुर

### सहारनीय कार्य दिनांक 05.08.26

## थाना खुदागंज पुलिस टीम द्वारा शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदया के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना खुदागंज के नेतृत्व में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जुर्म-जरायम की रोकथाम तथा ऑपरेशन तलाश के तहत वांछित एवं वारंटी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना खुदागंज पुलिस टीम को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 05.08.2026 को थाना खुदागंज पर प्रार्थिनी श्रीमती पत्नी जसवन्त निवासी ग्राम कुरगांव, थाना खुदागंज, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिया गया, जिसमें आरोप लगाया गया कि अभियुक्त अंकित पुत्र सत्यपाल निवासी ग्राम कुरगांव, थाना खुदागंज, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा प्रार्थिनी को शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत कार्य किया गया। उक्त घटना की शिकायत प्रार्थिनी के पति जसवन्त द्वारा अभियुक्त के पिता सत्यपाल पुत्र सियाराम से करने पर सत्यपाल द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना खुदागंज पर मु0अ0सं0-189/2026, धारा 69/351(3) बीएनएस बनाम 1. अंकित पुत्र सत्यपाल तथा 2. सत्यपाल पुत्र सियाराम निवासीगण ग्राम कुरगांव, थाना खुदागंज, जनपद शाहजहाँपुर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियोग पंजीकृत होने के उपरांत वांछित अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में आज दिनांक 05.08.2026 को मुखबिर की सूचना के आधार पर समय प्रात: करीब 12:15 बजे महादेव मंदिर के पास से वांछित अभियुक्त अंकित मौर्य पुत्र सत्यपाल मौर्य निवासी ग्राम कुरगांव, थाना खुदागंज, जनपद शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

अंकित मौर्य पुत्र सत्यपाल मौर्य निवासी ग्राम कुरगांव थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर (उम्र करीब 29 वर्ष)

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

महादेव मन्दिर के पास थाना खुदागंज जपनद शाहजहाँपुर से दिनांक 05.08.26 को समय प्रात: करीब 12:15 बजे।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 189/2026 धारा 69/351(3) बीएनएस थाना खुदागंज जनपद शाहजहाँपुर

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य
2. रि0का0 हरेन्द्र सिंह
3. रि0का0 अंकुर कुमार
4. रि0म0का0 कंचन